# जी.जी.वी. – हम द्वारा आयोजित बैडमिंटन अमृत महोत्सव का रिपोर्ट

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में बैडमिंटन अमृत महोत्सव का आयोजन दिनांक 2 अगस्त से 9 अगस्त तक किया गया जिसमें प्रतिभागी के रूप में रिसर्च स्कॉलर, प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक सम्मिलित हुए । प्रतियोगिता का समापन 9 अगस्त शुक्रवार को रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और खेलों को प्रोत्साहन देने की बात कही । कुल सचिव प्रो. वी. एस. रणदिवे ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम का आयोजन 'जी.जी.वी. हम ' की संयोजक डॉ. शालिनी मेनन ने किया तथा प्रतियोगिता के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। इस मंच का संचालन डॉ. तिलक राज मीणा ने किया । प्रतियोगिता में 30 से 40 आयु वर्ग में डॉ. भरत साहू और डॉ. चावलानी को स्वर्ण पदक तथा डॉ.एम. एस. धपोला और डॉ. मुरली मनोहर ने रजत पदक जीता, 40 से 50 आयु वर्ग में डॉ. रवींद्र शर्मा और डॉ. मुकेश चन्द्राकर ने स्वर्ण पदक तथा डॉ.राजेश शर्मा और डॉ. सूबल दास ने रजत पदक प्राप्त किया ,51 और अधिक वर्ग में प्रो. संजीत सरदार और मिस्टर सतीश को स्वर्ण पदक तथा प्रो. एस.के. साही और डॉ. एस.के. जैन ने रजत पदक प्राप्त किया। फैकल्टी मिक्स वर्ग में डॉ. शालिनी मैनन और डॉ. भरत साहू ने स्वर्ण पदक तथा डॉ. अर्चना यादव और डॉ. सुबल दास ने रजत पदक प्राप्त किया, रिसर्च स्कॉलर मिक्स वर्ग में साक्षी अग्रवाल और सुधीर रंजन ने स्वर्ण पदक तथा अमित तिर्की और पुनीता यादव ने रजत पदक प्राप्त किया ।रिसर्च स्कॉलर पुरुष डबल्स में अमित तिर्की और ओमप्रकाश गंगे ने स्वर्ण पदक तथा विश्वास विश्वकर्मा और कुंवर प्रवीण सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया । कार्यक्रम में प्रोफेसर विशन सिंह राठौड़, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजीत सरदार विभाग के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक रिसर्च स्कॉलर तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मुरली मनोहर ने किया ।




सभी आयु वर्ग के विजेता खिलाड़ियों का फ़ोटो |



Scanned by Scanner Go



शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्षप प्रो. संजीत सरदार  द्वारा कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल का स्वागत |




डॉ शालिनी मेनन कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल से मैडल और पुरस्कार प्राप्त करते हुए |

Scanned by Scanner Go




शारीरिक शिक्षा विभाग के खिलाड़ियों का सम्मान।

**Dr.Shalini Menon**
**Organizing Secretary**
**GGV - HUM**
**Badminton Amrit Mahotsav Tournament**

**Prof. Sanjit Sardar**
**Head & Director**

Director & Head
Deptt. of ... Education
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
Bilaspur (C. G.)

Scanned by Scanner Go